NEW ABLOOM SERVICES

Run By Tara Memorial Trust

-बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम की विशेषताएं और लाभ-

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की मुख्य विशेषताएं कुछ इस प्रकार है:-

यह योजना उन छात्रों के लिए वैलिड है जिन्होंने बिहार सरकार द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों से अपनी 10वीं और 12वीं कक्षा तक की शिक्षा पूरी की है।

इस योजना के तहत, छात्र 4 लाख रु. तक की लोन राशि प्राप्त कर सकते हैं। लोन राशि का इस्तेमाल टेक्निकल, पॉलिटेक्निक या सामान्य पाठ्यक्रमों में आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा आप लोन राशि का इस्तेमाल किताबों, स्टेशनरी और लैपटॉप जैसी अध्ययन सामग्री की खरीद के लिए या फीस का भुगतान करने के लिए कर सकते हैं।

इसके तहत ली गई राशि पर 4% का ब्याज लिया जाता है। महिलाओं, ट्रांसजेंडरों और विकलांगों के लिए ब्याज दर 1% है।

इस योजना के तहत ली गई लोन राशि का भुगतान छात्रों को अपना कोर्स पूरा करने और नौकरी पाने के बाद करना होता है। उदाहरण के लिए, अगर आप तीन साल के बीएससी कोर्स के लिए यह स्कीम ले रहे हैं तो आपको तीन साल के कोर्स के दौरान राशि चुकाने की आवश्यकता नहीं है।

-बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड: योग्यता शर्तें और आवश्यक दस्तावेज़-

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने के लिए योग्यता शर्तें और आवश्यक दस्तावेज़ इस प्रकार हैं:

योग्यता शर्तें -

- आपको बिहार का निवासी होना चाहिए
- उम्र 25 वर्ष तक
- आप 12वी कक्षा पास कर चुके हो
- आपको किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान में कोर्स के लिए नामांकित या चयनित होना चाहिए

आवश्यक दस्तावेज़ -

- पहचान प्रमाण: आधार कार्ड, पैन कार्ड
- परिवार का इनकम सर्टिफिकेट या फॉर्म 16
- 10वीं और 12वीं की मार्कशीट
- आवास प्रामाण पत्र
- एडमिशन प्रूफ